सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 186 | इंदौर, सोमवार 19 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## हाइवे पर काल बनी रफ्तार, ईको कार और बाइक की भिड़ंत एक युवक की हुई मौत

### तीन गंभीर घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** नागदा स्टेट हाईवे नंबर 17 पर स्थित ग्राम हताई पालकी के पासएक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ईको कार और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रशासन अस्पताल पहुंचे। जानकारी के अनुसार हताई पालकी बस स्टॉप के पास ईको कार और बाइक में भीषण भिड़ंत हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार शुभम (19 वर्ष) पिता महेश, निवासी दिलीप नगर रतलाम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल जनसेवा अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। हादसे में रतलाम निवासी दुर्गाबाई और इंदौर निवासी अनिकेत प्रजापति और राकेश प्रजापति भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। एक छोटे बच्चे को भी प्राथमिक उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटना के तुरंत बाद हताई पालकी बस स्टॉप पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलते ही मंडी और बिरलाग्राम थाने की डायल 112 मौके पर पहुंची। आरक्षक लक्ष्मण बैरागी, पायलट नरेश गुप्ता और आरक्षक भुवान सिंह ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को जनसेवा अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में भर्ती कराया। कार में सवार बालिका पायल ने घटना की जानकारी इंदौर में अपने परिजनों को दी।

## दक्षिणी स्पेन में बड़ा हादसा, दो हाई स्पीड ट्रेनों की टक्कर, 20 की मौत-73 घायल

**मैड्रिड (स्पेन) (एजेंसी)।** दक्षिणी स्पेन में दो तेज रफ्तार ट्रेनों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 73 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह दुर्घटना कॉर्डोबा प्रांत के आदमूज के पास हुई, जिसके चलते मैड्रिड और अंडालूसिया के बीच रेल सेवाएं निलंबित कर दी गईं। जानकारी के मुताबिक मलागा से मैड्रिड जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई और सामने से आ रही दूसरी ट्रेन से टकरा गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक दोनों ट्रेनों में लगभग 500 यात्री सवार थे।



### गाजा में शांति पहल के लिए भारत को न्योता, ट्रंप ने 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने का दिया प्रस्ताव

**वरिष्ठ सचिवों पर मुख्यमंत्री का भरोसा**

# प्रशासनिक कमी के बीच नई टीम को बड़ी जिम्मेदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश शासन में प्रशासनिक फेरबदल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ सचिव स्तर के अधिकारियों पर विश्वास जताया है। अपर मुख्य सचिव (ACS) और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों की सीमित उपलब्धता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कई विभागों की कमान पहली बार स्वतंत्र रूप से सचिव स्तर के अधिकारियों को सौंपी है। इसे प्रशासनिक सशक्तिकरण और जिम्मेदारी आधारित शासन व्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।**

इस फेरबदल में प्रमुख सचिव से नीचे स्तर के कई अधिकारियों को पहली बार स्वतंत्र विभागीय प्रभार मिला है। इनमें प्रमुख सचिव बनाए गए शोभित जैन (आयुष विभाग) के अलावा स्वतंत्र कुमार (सचिव, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास), इलैयाराजा टी (सचिव, पर्यटन विभाग) , जॉन किंग्सले एआर(सचिव, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण), आलोक कुमार सिंह (सचिव, खनिज साधन विभाग) और श्रीमन शुक्ल (सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग) जैसे वरिष्ठ सचिव शामिल हैं। इन अधिकारियों को बिना किसी अतिरिक्त प्रभार के विभाग सौंपे गए हैं, जिससे वे पूरी क्षमता और फोकस के साथ विभागीय कार्यों को आगे बढ़ा सकें।



मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए कृषि वर्ष के महत्व वाले विभागों मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी को विशेष रूप से मजबूत किया गया है। इन कृषि आधारित विभागों को स्वतंत्र प्रभार के रूप में अधिकारियों को सौंपना सरकार की मंशा को दर्शाता है कि किसान, पशुपालक और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े क्षेत्रों पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग में भी सरकार ने विभाग के विस्तार और संवेदनशीलता को देखते हुए तीन वरिष्ठ अधिकारियों की अलग-अलग पदस्थापना की है। धनराजू एस को स्वास्थ्य आयुक्त, डॉ. राहुल हरिदास को स्वास्थ्य सेवाओं का संचालक तथा दिशा नागवंशी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने का संदेश दिया गया है।

# अब इंदौर का बीआरटीएस खुद तोड़ेगा नगर निगम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर का अधूरा टूटा बीआरटीएस अब नगर निगम के लिए परेशानी की वजह बनता जा रहा है। ठेकेदार ने फायदा न होने के चक्कर में काम छोड़ दिया है और नए ठेकेदार राजी नहीं हैं। इस कारण अब बीआरटीएस नगर निगम ने खुद तोड़ने का फैसला लिया है।**

प्रदेश सरकार के फैसले के बाद दस माह पहले नगर निगम ने ही हाईकोर्ट से बीआरटीएस तोड़ने की अनुमति मांगी थी और यह कहा था कि बीआरटीएस के चौराहों पर आठ ब्रिज बनाए जाना हैं। कोर्ट ने अनुमति दे दी, लेकिन दस माह बाद भी बीआरटीएस की रेलिंग और बस स्टेशन नहीं टूट पाए हैं।



हाईकोर्ट की अनुमति मिलने के बाद नगर निगम ने बीआरटीएस में लगे सामान की कीमत तीन करोड़ रुपये आंकी थी और इसके टेंडर जारी किए थे, लेकिन किसी एजेंसी ने इस काम में हाथ नहीं डाला। इसके बाद कीमत कम कर टेंडर आंके गए और बीआरटीएस तोड़े जाने से निगम को होने वाली ढाई करोड़ की आय को देखते हुए एक ठेकेदार के टेंडर को मंजूरी दी गई, लेकिन ठेकेदार को उसमें भी फायदा नहीं हुआ और वह काम छोड़कर चला गया। वर्षभर में बीआरटीएस को लेकर हुई सुनवाई में बीआरटीएस नहीं तोड़े जाने का मामला उठता रहा। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अफसरों को यह तक कह दिया कि कोर्ट के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उससे पहले भी कोर्ट कह चुका है कि मकानों के निर्माण तोड़ने में निगम को दो-तीन दिन भी नहीं लगते, बीआरटीएस तोड़ने में इतना समय क्यों लग रहा है। कोर्ट ने इसके लिए एक कमेटी गठित की है। कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट कोर्ट के सौंप दी। जिसमें कहा गया है कि एक स्टेशन तोड़ने में दस माह का समय लग गया। रैलिगं भी एक तरफ के हटाए गए। आपको बता दें कि ढाई सौ करोड़ की लागत से इंदौर में निरंजनपुर से राजीव गांधी प्रतिमा तक साढ़े 11 किलोमीटर लंबा बीआरटीएस तैयार किया गया था। इसके लिए 300 से ज्यादा निर्माण और दो हजार से ज्यादा पेड़ काटे गए थे, लेकिन पिछले साल मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बीआरटीएस तोड़ने की घोषणा की थी।

# महू को मिली बड़ी सौगात, वंदे भारत ट्रेन का प्रमुख मेंटेनेंस हब बनेगा शहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर-निमाड़ क्षेत्र के लिए रेलवे की ओर से एक बड़ी और ऐतिहासिक सौगात सामने आई है। महू रेलवे स्टेशन को अब वंदे भारत ट्रेन के मेंटेनेंस हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए रेलवे बोर्ड ने 94 करोड़ 50 लाख रुपये की बड़ी परियोजना को हरी झंडी दे दी है। इस फैसले से न केवल रेलवे की तकनीकी क्षमता मजबूत होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास को भी नई रफ्तार मिलेगी।**



पिछले कुछ वर्षों में वंदे भारत ट्रेन भारतीय रेलवे की पहचान बन चुकी है। तेज रफ्तार, आधुनिक सुविधाएं और सुरक्षित यात्रा ने यात्रियों का भरोसा जीता है। ऐसे में इन ट्रेनों के बेहतर रखरखाव के लिए मजबूत मेंटेनेंस सिस्टम जरूरी है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए महू को वंदे भारत मेंटेनेंस हब बनाने का फैसला लिया गया है। रेलवे बोर्ड से मिली मंजूरी के अनुसार, महू रेलवे स्टेशन पर दो नई पिट लाइन बनाई जाएंगी।

अभी यहां सिर्फ एक पिट लाइन मौजूद है, लेकिन नई स्वीकृति के बाद कुल तीन पिट लाइन हो जाएंगी। इसका मतलब यह है कि एक साथ कई वंदे भारत ट्रेनों की सर्विसिंग और जांच की जा सकेगी। इसके साथ ही एक अत्याधुनिक शेड का निर्माण किया जाएगा, जहां वंदे भारत ट्रेन की साफ-सफाई, तकनीकी जांच और नियमित मेंटेनेंस किया जाएगा। इस शेड में आधुनिक मशीनें और नई तकनीक का इस्तेमाल होगा जिससे ट्रेनों की सुरक्षा और गुणवत्ता दोनों बेहतर होंगी। यह बदलाव महू स्टेशन की तस्वीर पूरी तरह बदल देगा और इसे एक आधुनिक रेलवे केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

## अमेरिका के वैज्ञानिकों को भाया मालवी खाना

### मांडू की सुंदरता देख रह गए दंग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में रोटरी इंटरनेशनल फ्रेंडशिप एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत अमेरिका के रोटरी डिस्ट्रिक्ट 5300 कैलिफोर्निया की सात सदस्यीय टीम का आगमन हुआ। यह अंतरराष्ट्रीय मैत्री विनिमय कार्यक्रम रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। पिछले वर्षों में भी इंदौर में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, स्वीडन और दक्षिण अफ्रीका जैसे कई देशों के रोटरी दल आ चुके हैं।**

इस वर्ष पहुंचे दल में सात सदस्य शामिल हैं जिनमें दो महिलाएं और पांच पुरुष हैं। टीम का नेतृत्व भारतीय मूल के प्रख्यात वैज्ञानिक रोटेरियन रामपुर विश्वनाथ कर रहे हैं। दल के अन्य सदस्यों में रोटेरियन ब्रायन डगलस रिले, शे लेनोर जॉनसन, सारा एलिजाबेथ रोथवेल, रॉडनी लुईस टकर, रैंडल हॉवर्ड ब्रॉडी और जीन पियरे मैंगुई शामिल हैं। विदेशी मेहमानों ने इंदौर प्रवास के दौरान शहर की ऐतिहासिक धरोहरों जैसे लाल बाग पैलेस, राजबाड़ा, कांच मंदिर और छतरियों का अवलोकन किया। उन्होंने डेली कॉलेज और एमराल्ड हाइट्स जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थानों के साथ जुपिटर अस्पताल का भी दौरा किया। विशेष रूप से लोहरी उत्सव के दौरान सभी सदस्यों ने पारंपरिक भारतीय परिधान धारण किए और डीजीएनडी सुखदेव सिंह घुम्मन के निवास पर पारंपरिक भोजन का आनंद लिया।

टीम ने चोइथराम नेत्रालय में रोटरी क्लब ऑफ इंदौर अपटाउन द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट दृष्टि' का अवलोकन किया, जो दृष्टिबाधित बच्चों के लिए समर्पित है। दल नायक रामपुर विश्वनाथ ने पर्यावरण और अपशिष्ट प्रबंधन पर इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन और आईपीएस अकादमी में सत्र आयोजित किए। वहीं, कर सलाहकार रैंडल ब्रॉडी ने आईसीएआई और टीपीए के सदस्यों को संबोधित किया। 15 जनवरी को टीम ने ऐतिहासिक नगरी मांडू का भ्रमण कर वहां के इतिहास को समझा और मालवी व्यंजनों का स्वाद लिया। इस आयोजन में रोटरी क्लब के विभिन्न विंग्स जैसे इंदौर अपटाउन, मेघदूत, चोइथराम, सिटी, डायनेमिक और यूनाइटेड ने सक्रिय भूमिका निभाई। मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा और अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने अतिथियों की मेहमाननवाज़ी की। इंदौर के बाद अब यह दल भोपाल, रतलाम, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर की यात्रा पर प्रस्थान करेगा।

### भिखारी मांगीलाल की संपत्ति जानकर अधिकारी भी हैरान!

## रोज 500 की 'कमाई', 3 मकान और ड्राइवर वाली कार...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर की सड़कों पर भीख मांगने वालों की एक चौंकाने वाली हकीकत सामने आई है। शहर के प्रसिद्ध सराफा क्षेत्र में सालों से भीख मांगकर गुजारा करने वाला मांगीलाल असल में अच्छी-खासी संपत्ति का मालिक निकला। महिला एवं बाल विकास विभाग के भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के तहत जब उसे रेस्क्यू किया गया, तो उसकी असलियत जानकर सभी हैरान रह गए।**

मांगीलाल लकड़ी की एक फिसलने वाली गाड़ी पर बैठकर, पीठ पर बैग टांगे और हाथ में जूते लेकर लोगों से भीख मांगता था। वह बिना कुछ कहे लोगों के पास जाकर खड़ा हो जाता था, जिसके बाद लोग सहानुभूति में उसे पैसे दे देते थे। इस तरह वह रोजाना 400 से 500 रुपये तक कमा लेता था। जब रेस्क्यू टीम ने मांगीलाल से पूछताछ की तो उसकी संपत्ति का जो ब्योरा मिला, वह किसी को भी चौंकाने के लिए काफी था। रेस्क्यू दल के नोडल अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि मांगीलाल के पास इंदौर के अलग-अलग इलाकों में तीन पक्के मकान हैं। इतना ही नहीं, उसके पास तीन ऑटो भी हैं, जिन्हें वह किराए पर चलवाता है। इसके अलावा, मांगीलाल एक डिजायर कार का भी मालिक है, जिसे चलाने के लिए उसने एक ड्राइवर रखा हुआ है। यह खुलासा होने के बाद अभियान से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी भी दंग रह गए। पूछताछ में यह भी पता चला कि मांगीलाल शहर के अलवास इलाके में अपने माता-पिता के साथ रहता है। उसके दो भाई भी हैं, जो उससे अलग रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि मांगीलाल की पूरी हकीकत जानने के बाद उसके परिवार से भी संपर्क किया जा सकता है। यह मामला शहर में चर्चा का विषय बन गया है और संगठित भिक्षावृत्ति के रैकेट पर भी सवाल खड़े कर रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग का यह अभियान शहर को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने के लिए चलाया जा रहा है, लेकिन इस तरह के मामले व्यवस्था की खामियों और भीख मांगने के पीछे छिपे सच को भी उजागर करते हैं।





*- अभियान के दौरान जब मांगीलाल को रेस्क्यू कर पूछताछ की गई, तो पता चला कि उसके पास तीन मकान, किराए पर चलने वाले तीन ऑटो और एक ड्राइवर के साथ कार भी है। यह जानकारी हैरान करने वाली है।*

**- दिनेश मिश्रा**
**नोडल अधिकारी,**
**रेस्क्यू टीम**

## राजपूत निमाड़ विकास परिषद व युवा राजपूत सम्राट सेना का मिलन समारोह 1 फरवरी को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। हर वर्ष की तरह इस साल भी युवा राजपूत सम्राट सेना, इंदौर का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह रविवार 1 फरवरी को आयोजित किया गया है, जिसमें राजपूत समाजजनों के साथ ही अन्य गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। जानकारी देते हुए सेना के संस्थापक महेंद्र सिंह निकुंम, मीडिया प्रभारी गोविंद सिंह सिसोदिया ने बताया कि सभी समाजजनों को एकजुट करने के लिए राजपूत निमाड़ विकास परिषद, व सम्राट सेना के द्वारा न्याय नगर पुलिया के समीप राजपूत धर्मशाला में यह मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर सेना के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा कई दिनों से तैयारियां की जा रही है, जो अब अंतिम चरण में है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी मोहनसिंह सेगर, पार्षद राजू सिंह भदोरिया, करणी सेना खंडवा जिला अध्यक्ष पंकजराज सिंह पुरनी, करणी सेना इंदौर जिला अध्यक्ष ऋषिराज सिंह सिसोदिया शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजन की शुरूआत होगी। वहीं पुरस्कार वितरण के पश्चात सभी समाजजनों के लिए स्नेहभोज भी रखा गया है। परिषद, व सेना के अध्यक्ष विजय सिंह पवार व कल्याण सिंह तोमर व सभी पदाधिकारियों ने समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## 31 मार्च तक वाहन कर बकाया पर 90% छूट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों को बड़ी राहत देते हुए मोटरयान कर और पेनल्टी के बकाया भुगतान पर 90% तक की छूट दी है। यह छूट मध्य प्रदेश शासन, परिवहन विभाग की अधिसूचना 12 अगस्त 2025 के तहत दी जा रही है।**

परिवहन विभाग द्वारा राजस्व लक्ष्य के लिए वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में मोटरयान कर बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अभियान भी शुरू किया जा रहा है। विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे इस एकमुश्त जमा योजना का लाभ उठाकर बकायादारों की सूची से नाम हटवाएं और स्क्रैपिंग के बाद नया वाहन खरीदने पर दोहरा लाभ प्राप्त करें। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि यह योजना विशेष रूप से उन वाहन मालिकों के लिए फायदेमंद है, जिन पर लंबे समय से मोटरयान कर बकाया चला आ रहा है। योजना के माध्यम से न केवल भारी छूट मिल रही है, बल्कि पुराने और अनुपयोगी वाहनों से भी छुटकारा पाया जा सकता है। कई वाहन स्वामी इस योजना का लाभ लेना शुरू कर चुके हैं। ऐसे सभी वाहन मालिक, जिनके वाहनों पर मोटरयान कर या शास्ति बकाया है, वे समय-सीमा के अंदर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। आदेश के अनुसार, राज्य में रजिस्टर्ड किसी भी प्रवर्ग और किसी भी आयु-सीमा के ऐसे मोटरयान, जिन पर मोटरयान कर और पेनल्टी शास्ति की राशि बकाया है, यदि उन्हें मध्य प्रदेश की किसी प्राधिकृत पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा (RVSF) के माध्यम से स्क्रैप कराया जाता है और 31 मार्च 2026 तक एकमुश्त भुगतान किया जाता है, तो बकाया राशि पर 90% की छूट का लाभ मिलेगा।

# नगर निगम आयुक्त द्वारा जलूद एवं ग्राम भकलाय स्थित नर्मदा जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण

## फिल्टर एवं क्लोरिनेशन कार्य के संबंध में प्रयोगशाला का अवलोकन

**● बीपी टैंक लीकेज सुधार कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के दिये निर्देश**





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर नगर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल द्वारा जलूद एवं ग्राम भकलाय क्षेत्र में स्थित नर्मदा जल प्रदाय परियोजना अंतर्गत पंपिंग स्टेशन एवं इंटेक वेल का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री आशीष कुमार पाठक, कार्यपालन यंत्री श्री जी.एस.पटेल, श्री प्रताप बुंदेला सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।**

आयुक्त नगर निगम श्री सिंघल द्वारा जलूद एवं ग्राम भकलाय क्षेत्र में स्थित नर्मदा फेस-1, फेस-2, फेस-3 एवं फेस-4 अंतर्गत पंपिंग स्टेशन, इंटेक वेल, स्काडा सिस्टम, पंप हाउस एवं पाइप लाईन का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों से यह जानकारी ली कि किस प्रकार मां नर्मदा से जल को पंप कर इंदौर शहर तक लाया जाता है, जल शोधन की प्रक्रिया कैसे की जाती है तथा किस प्रकार क्लोरीनीकरण कर नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाता है।

नगर निगम आयुक्त श्री सिंघल द्वारा जल शोधन संयंत्र की प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया गया, जहां उनके समक्ष जल गुणवत्ता परीक्षण कराए गए। उन्होंने परीक्षण प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए जल की गुणवत्ता को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त श्री सिंघल द्वारा जलूद एवं भकलाय में स्थित फिल्टर प्लांट एवं पंप हाउस के निरीक्षण के दौरान बी.पी. टैंक में हो रही लीकेज के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश अधिकारियों को दिये गये, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो और जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होती रहे।

आयुक्त श्री सिंघल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नर्मदा जल प्रदाय प्रणाली के समस्त घटकों का नियमित निरीक्षण एवं रखरखाव सुनिश्चित किया जाये तथा जलापूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए, जिससे इंदौर शहरवासियों को निरंतर स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

# मेट्रो का काम इंदौर के खजराना चौराहे पर शुरू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में अब मेट्रो के काम ने रेडिसन चौराहे से आगे रफ्तार पकड़ ली है। अब खजराना चौराहे तक पिलर बन गए हैं। पहले चरण में इस हिस्से तक ही मेट्रो ट्रेन का संचालन होगा, हालांकि इसमें डेढ़ साल का समय लगेगा, क्योंकि अभी ट्रैक, पटरियां और स्टेशन बनाने का काम भी होना है। खजराना चौराहे के बाद मेट्रो ट्रेन का काम लंबे समय से धीमा था, क्योंकि अंडरग्राउंड हिस्से का रूट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की आपत्ति के बाद तय नहीं हो पा रहा था। पिछले महीने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने खजराना चौराहा के आगे से मेट्रो रूट अंडरग्राउंड करने की सहमति दी थी। अभी मेट्रो ट्रैक ट्रायल के लिए 17 किलोमीटर लंबाई में रेडिसन चौराहे तक तैयार है।**

रेडिसन चौराहा से आगे एमआर-9 और खजराना चौराहे तक मेट्रो के पिलरों का काम जारी है। यहां डेढ़ साल पहले खुदाई कर काम शुरू किया गया था। अब पिलरों पर बनकर तैयार बेस को रखा जाएगा और उसके बाद पटरियां बिछाने का काम शुरू होगा। एक स्टेशन खजराना चौराहे पर भी प्रस्तावित है। उसका निर्माण अभी शुरू होना है।

इंदौर में फिलहाल गांधी नगर से रेडिसन चौराहा तक 17 किलोमीटर के हिस्से में मेट्रो का काम पूरा हो चुका है। इसके बीच आने वाले पांच मेट्रो स्टेशनों का काम समाप्ति की ओर है। वहां टिकट खिड़की व इंटीरियर का काम हो चुका है। लिफ्ट व एस्केलेटर लगाए जाना बाकी है। जल्दी ही गांधी नगर मेट्रो स्टेशन से टीसीएस चौराहे तक कमर्शियल रन शुरू होगा। रेडिसन चौराहा तक मेट्रो ट्रेन के कमर्शियल रन के लिए कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी की टीम भी इंदौर आने वाली है। टीम द्वारा सेफ्टी ऑडिट करने के बाद एनओसी जारी की जाएगी। इसके बाद इंदौर में मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल रन शुरू किया जा सकेगा। मार्च तक रेडिसन चौराहे तक मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा।

### 'मुख्यमंत्री जी, मुझे भारत-न्यूजीलैंड का मैच देखना है...

# दिव्यांग की अपील पर पसीजा सीएम डॉ. यादव का दिल, पल में पूरी की मुराद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बार फिर साबित किया है कि वे जनता के दिलों पर क्यों राज करते हैं। उनका मन जनता की एक आवाज पर पसीज जाता है। दरअसल, एक दिव्यांग ने प्रदेश के मुखिया से जब ये कहा कि उन्हें भारत- न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में हो रहे मैच को मैदान से लाइव देखना है, लेकिन टिकट का इंतजाम नहीं हो पा रहा, तो ये सुनते ही सीएम डॉ. यादव ने बिना कोई देर किए उनके लिए टिकट का प्रबंध कर दिया। दिव्यांग ने ये अपील वीडियो के जरिये की थी। इच्छा पूरी होने के बाद दिव्यांग ने सीएम डॉ. यादव को धन्यवाद भी दिया।



गौरतलब है कि, भारत-न्यूजीलैंड मैच लाइव देखने की अपील उज्जैन के बड़नगर तहसील के गांव बमनापानी के दिव्यांग अभिषेक सोनी ने की। उन्होंने इस अपील का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर डाल दिया। इस बात की जानकारी जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लगी तो उन्होंने दिव्यांग की इच्छा पूरी करने में एक पल नहीं लगाया। अभिषेष सोनी ने वीडियो में कहा, 'मुख्यमंत्री जी प्रणाम। मेरा नाम अभिषेक सोनी है। मैं दिव्यांग हूं। मेरे मुझे क्रिकेट देखने का बहुत शौक है। मुझे ये खेल बहुत अच्छा लगता है। मेरी इच्छा है कि मैं भारत और न्यूजीलैंड के बीच हो रहे वन-डे मैच को लाइव मैदान पर देख सकूं। लेकिन, किसी कारणवश टिकट नहीं मिल पा रही है। आपसे निवेदन है कि मेरे लिए टिकट का प्रबंध करा दीजिए।'

### टीम इंडिया की जर्सी में मैच देखने पहुंचे दिव्यांग

उज्जैन के दिव्यांग अभिषेक सोनी को जैसे ही टिकट मिला, वे टीम इंडिया की जर्सी में मैच देखने इंदौर पहुंचे। उन्होंने मैच के टिकट भी दिखाए। इसके साथ ही, उन्होंने कहा कि इस टिकट के लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद देता हूं। उनका आभार।

बता दें, जब से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की बागडोर संभाली है, तब से उन्होंने कई बार मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने एक आम आदमी की तरह जनता से व्यवहार किया है। सीएम डॉ. यादव कभी यूपीआई पेमेंट कर आम खरीदे देखे जा सकते हैं, तो कहीं भी जनता के साथ चाय पीते देखे जा सकते हैं। एक बार वे भुट्टा खरीदने बाजार में उतर गए और बच्चे को दुलार किया। इस वाक्ये की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। इसी तरह एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि मुख्यमंत्री आवास किसी मेरा आवास नहीं, बल्कि जनता का आवास है।

# गणेश नगर बस्ती में हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। खंडवा नाका राधा स्वामी सत्संग आश्रम के पास गणेश नगर बस्ती में हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्टेज कार्यक्रम एवं भोजन प्रसादी यानी भंडारा भी रखा गया था। हिंदव सोदरा सर्वे, न हिंदूः पतितो भवेत्  हम सब हिंदू भारत माता की संतान है।**





आपस में भाई है। हिंदू कभी छोटा या बड़ा नहीं होता। कार्यक्रम में स्टेज पर भारत माता की वंदना छोटी बालिका द्वारा योग का प्रदर्शन और एक अन्य बालिकाओं द्वारा भजन की प्रस्तुति की गई। साथ में ही हिंदू समाज  के कुछ कलाकारों द्वारा रामलीला की प्रस्तुति बहुत ही शानदार ढंग से की गई जिसे सब ने बहुत सराहना की गई कार्यक्रम में अतिथिगण के रूप में वासुदेव पाटीदार, जय बंसल एवं भागवत आचार्य देवेंद्र पाराशर नागर द्वारा मंचासिन होकर बौद्धिक दिया गया। जिसमें बताया गया कि हमें हिंदू होने का गर्व होना चाहिए। हम सब हिंदू हैं कोई छोटा या बड़ा नहीं। सनातन की जय हिंदू एकता की जय के नारे लगाए गए। भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी बहुत शानदार थी। सभी महिलाएं और पुरुष भगवा दुपट्टे से सुसज्जित होकर आए थे। इस प्रकार हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ कार्यक्रम के आयोजन नितेश पाटीदार, हरीश नगर महिला विंग में श्रीमती चिंतामणि मौर्य, सपना मल्हार, गीता कुशवाह, सपना  यादव, रजनी गुर्जर आदि के नेतृत्व में हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ। उक्त जानकारी सपना मल्हार द्वारा दी गई।

# कार ने 13 मजदूरों को रौंदा 2 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर में रविवार को तेज रफ्तार कार ने 13 मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में 2 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 मजदूर घायल हो गए। घायलों में से 7 की हालत नाजुक है। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। हादसा बरेला थाना क्षेत्र के एकता चौक पर दोपहर करीब 2 बजे हुआ। मृतकों की पहचान चैनवती बाई (40 वर्ष) और लच्छो बाई (40 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक और सभी घायल मंडला जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के बिहारिया गांव के रहने वाले हैं। डेढ़ माह से यहां मजदूरी कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, मजदूर सड़क के डिवाइडर में लगी लोहे की जालियों की सफाई करने के बाद बैठकर खाना खा रहे थे। इसी दौरान बरेला से जबलपुर की ओर आ रही सफेद कार उन्हें रौंदते हुए भाग गई।

# चाइना डोर से हादसा, युवक का गला कटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में रविवार शाम चाइना डोर से एक हादसा हो गया। इंद्रानगर चौराहे पर 45 वर्षीय मैकेनिक सुरेंद्र जायसवाल का गला चाइना डोर की चपेट में आने से बुरी तरह कट गया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कमल कॉलोनी निवासी सुरेंद्र जायसवाल शाम करीब 4:30 बजे अपनी पत्नी की बहन के यहां एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इसी दौरान इंद्रा नगर चौराहे पर उनके गले में चाइना डोर फंस गई, जिससे उनका गला कट गया। घायल अवस्था में वे कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां से उनके दीदी के लड़के उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए। घायल सुरेंद्र जायसवाल को उज्जैन के चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉ. केके परमार ने उनका इलाज किया। डॉक्टरों के अनुसार, उनके गले में करीब 20 टांके आए हैं और उन्हें आईसीयू में रखकर उपचार जारी है। सुरेंद्र जायसवाल पेशे से मैकेनिक हैं और उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा सहित तीन बच्चे हैं।

# मप्र जेलों में 50% विचाराधीन कैदी

## नेता प्रतिपक्ष बोले- सबसे अधिक आदिवासी, क्षमता से 152% अधिक कैदी रखे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश की जेलों में बंद कैदियों की स्थिति को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। NCRB की प्रिजन रिपोर्ट और संसद में दिए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की जेलें भीषण भीड़भाड़ और सामाजिक असमानता का प्रतीक बन चुकी हैं। प्रदेश की 132 जेलों में वर्तमान में 45,543 कैदी बंद हैं, जो देश में तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। जबकि जेलों की कुल क्षमता लगभग 30 हजार की है। इस तरह प्रदेश की जेलों में क्षमता से 152 प्रतिशत अधिक कैदी रखे गए हैं, जिससे व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। मध्यप्रदेश में कुल 132 जेलें संचालित हैं। इनमें 45,543 कैदी बंद हैं, जबकि जेलों की स्वीकृत क्षमता लगभग 30 हजार की है। इस कारण प्रदेश की जेलें 152 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर चल रही हैं। नेता प्रतिपक्ष के अनुसार, जेलों में बंद कुल कैदियों में से 22,946 कैदी विचाराधीन हैं। यानी प्रदेश की जेलों में हर दूसरा कैदी ऐसा है, जिस पर अभी तक दोष सिद्ध नहीं हुआ है और उसके मामले अदालत में लंबित



हैं। प्रदेश की जेलों में बंद कुल कैदियों में लगभग 50 प्रतिशत विचाराधीन हैं। इनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जो वर्षों से सुनवाई पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं।उमंग सिंघार ने कहा कि विचाराधीन कैदियों में आदिवासी समाज की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। आंकड़ों के मुताबिक 21 प्रतिशत विचाराधीन कैदी आदिवासी हैं, जो देश में सर्वाधिक है। इसके अलावा 19 प्रतिशत दलित और 40 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं। इस तरह प्रदेश की जेलों में 80 प्रतिशत विचाराधीन कैदी सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों से हैं। मध्यप्रदेश की जेलों में बंद विचाराधीन कैदियों में 21 प्रतिशत आदिवासी, 19 प्रतिशत दलित और 40 प्रतिशत ओबीसी समुदाय से हैं। कुल मिलाकर 80 प्रतिशत कैदी आदिवासी, दलित और ओबीसी वर्ग से आते हैं।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि गरीबी, अशिक्षा और जमानत की राशि न जुटा पाने की मजबूरी कमजोर वर्गों को लंबे समय तक जेल में रहने को मजबूर कर रही है। न्याय में देरी इन लोगों के लिए सजा से कम नहीं है। प्रदेश में करीब 22 हजार सजायाफ्ता कैदी हैं, जिनमें लगभग 50 प्रतिशत आबादी आदिवासी और दलित वर्ग की है।उमंग सिंघार ने सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत साफ कर चुकी है कि बिना दोष सिद्ध हुए किसी व्यक्ति को लंबे समय तक जेल में रखना संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। वर्ष 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने जेलों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए राज्य सरकारों को सुधारों के निर्देश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार बिना दोष सिद्ध हुए वर्षों तक जेल में रखना व्यक्ति के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। अदालत ने विचाराधीन कैदियों की नियमित समीक्षा और जमानत प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मांग की कि सरकार और न्यायपालिका मिलकर विचाराधीन मामलों की शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित करें, जमानत प्रक्रिया को आसान बनाएं और जेल सुधारों को प्राथमिकता दें, ताकि न्याय वास्तव में कमजोर वर्गों तक पहुंच सके।

# किन्नरों पर कट्टा अड़ाकर 30 लाख की डकैती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना, एजेंसी।** मुरैना जिले के अंबाह में एक किन्नर के घर डकैती हो गई। किन्नर का आरोप है कि शनिवार रात करीब 2 बजे 8 से 10 हथियारबंद बदमाश घर में घुस आए। बदमाशों ने घर में मौजूद 4 किन्नरों को बांध दिया। इसके बाद 22 तोला सोना, 4 किलो चांदी और लगभग 4 लाख रुपए कैश ले गए। कुल 30 लाख की डकैती हुई।

डकैती किन्नर राबिया के घर हुई है। रात में राबिया के साथ 3 किन्नर चेले और थे। सभी सो रहे थे। राबिया ने बताया कि बदमाश सीढ़ी से छत पर चढ़े। फिर गैस कटर से छत का दरवाजा काटा। इसके बाद वे दूसरी मंजिल से सीधे ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचे। यहां उन्होंने तीन चेलों पर कट्टा अड़ाकर उन्हें जगाया। बदमाशों ने किन्नर राधिका को धमकाया। फिर गुरु राबिया का कमरा खुलवाया। डकैतों ने कमरे में रखे सोने-चांदी के जेवर और कैश निकाल लिए। किन्नरों ने जो गहने पहने थे, वो भी निकलवा लिए। उनके मोबाइल और घर में लगे सीसीटीवी के डीवीआर भी ले गए। किन्नर राबिया ने बताया कि सोना-चांदी लूटने के बाद बदमाश एक-एक कर सभी चेलों को अलग कमरे में ले गए, कपड़े उतरवाए और अश्लील हरकतें कीं। इस दौरान बदमाश बार-बार पूछते रहे कि घर में कोई पुरुष है या नहीं। बदमाशों में से एक व्यक्ति फारसी भाषा बोल रहा था, जिससे आशंका है कि वारदात के पीछे किसी परिचित किन्नर का हाथ हो सकता है। वारदात के बाद सुबह करीब 4 बजे पुलिस को घटना की सूचना दी।

## बवाल मचा तो विधायक बरैया खुद के बयान से पलटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** दतिया जिले की भांडेर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया एक विवादित बयान को लेकर गंभीर राजनीतिक और सामाजिक विवादों में घिर गए हैं। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार को लेकर दी गई उनकी तथाकथित "थ्योरी" पर चौतरफा निंदा हो रही है। कांग्रेस पार्टी ने भी उनके बयान से दूरी बना ली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने फूल सिंह बरैया से लिखित स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं, बढ़ते विरोध के बाद खुद बरैया ने अपने बयान से किनारा कर लिया है। फूल सिंह बरैया ने एक वीडियो जारी कर कहा- "जिस बयान को लेकर मेरे ऊपर आरोप लगाए जा रहे हैं, वह मेरा मौलिक बयान नहीं है। वह बयान बिहार में दर्शनशास्त्र के एचओडी रहे हरिमोहन झा द्वारा लिखा गया है। मैंने उसे एक संदर्भ में कोट किया है। मैं उस बयान से भी सहमत नहीं हूं। मैं स्वयं ऐसा नहीं मानता, लेकिन संदर्भ के तौर पर उसे उद्धृत किया गया था।"

# सौर ऊर्जा के बढ़ते क्षेत्र से दिनों-दिन कम हो रही है पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों पर निर्भरता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए पारंपरिक ऊर्जा के संसाधनों पर अपनी निर्भरता दिनों दिन कम करता जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में वर्ष 2070 तक कार्बन फुट-प्रिंट को शून्य तक लाने और समाप्त होते जीवाश्म ईंधन के विकल्प तलाशने के लिए वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट (अक्षय) नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्यप्रदेश पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ योगदान दे रहा है। राज्य में पिछले 12 वर्षों में नवीन**



**और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में 14 प्रतिशत अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे अब कुल ऊर्जा उत्पादन में सहभागिता 30 प्रतिशत से अधिक हो गई है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गत वर्ष हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि राज्य वर्तमान में लगभग 31 हजार मेगावाट की विद्युत उत्पादन क्षमता रखता है, जिसमें से 30% हरित ऊर्जा है। हमारे लिये गौरव की बात है कि मध्यप्रदेश के रीवा सोलर पार्क और देश के सबसे बड़े ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्लांट का भी उल्लेख पूरे देश में हो रहा है। इससे अक्षय ऊर्जा उत्पादन को नई दिशा मिली है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने टेक्नोलॉजी एग्नोस्टिक रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी लागू की है। इस नीति में सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को अनुकूल और लचीले अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नया आयाम जुड़ रहा है। मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता के कारण देश के अग्रणी ऊर्जा सरप्लस राज्यों में से एक है। राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्म निर्भरता को प्राथमिकता देते हुए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा हब के रूप में उभर रहा है। वर्तमान में राज्य में 5 बड़ी सौर परियोजनाएँ संचालित हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 2.75 गीगावाट (2,750 मेगावाट) है। सरकार की योजना वर्ष 2030 तक नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 20 गीगावाट (20,000 मेगावाट) करने की है। नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़ से अधिक के निवेश से 1.4 लाख से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मध्यप्रदेश सरकार नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 5.21 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर रही है, जिससे 1.46 लाख रोजगार सृजित होंगे। राज्य सरकार की यह पहल भारत के 'नेट जीरो कार्बन लक्ष्य वर्ष-2070 को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मध्यप्रदेश तेजी से नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में देश का नेतृत्वकर्ता बन रहा है और आत्मनिर्भर भारत व स्वच्छ ऊर्जा मिशन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

## संतान प्राप्ति के लिए श्मशान की राख से नहाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी।** दतिया के झिर का बाग इलाके में अंधविश्वास, सामाजिक क्रूरता और भीड़ तंत्र का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने श्मशान घाट में चिता की राख से स्नान किया और मृतक की खोपड़ी व अस्थियां पॉलिथीन में भरकर घर ले गया। घटना सामने आने के बाद गुस्साए लोगों ने उस व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से अपमानित किया, चप्पलों की माला पहनाकर मोहल्ले में घुमाया और पूरे परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर दिया।फैसला लिया गया कि यदि समाज का कोई व्यक्ति बल्ली या उसके परिवार से संबंध रखता है या उन्हें बुलाता है तो उसे 5,100 रुपए जुर्माना देना होगा।

## संपादकीय

# वैश्विक प्रतिबंध और भारत-तुर्की का बदलता रुख

पश्चिमी तुर्की के इजमित में एक शाम को पनामा के झंडे वाले टैंकर बेला 6 ने लंगर डाला और लगभग 100,000 टन रूसी तेल पंप करना शुरू कर दिया। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के आंकड़ों के अनुसार, 6 जनवरी की यह डिलीवरी रिफाइनरी के मालिक तुप्रास के लिए एक अपवाद थी, जिसने 21 जनवरी से लागू होने वाले यूरोपीय संघ के प्रतिबंध से पहले पिछले महीने रूसी कच्चे तेल के आयात में 69 प्रतिशत की कटौती की थी। नए प्रतिबंध के तहत रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के यूरोपीय संघ में आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और यह यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध के लिए राजस्व में कटौती करने का नवीनतम प्रयास है। यह विशेष रूप से तुर्की और भारत में स्थित रिफाइनरियों को प्रभावित करता है जो रूसी कच्चे तेल का आयात करती हैं। जो इसे जेट ईंधन, डीजल या मिश्रण घटकों जैसे उत्पादों में बदलती हैं और उन्हें यूरोपीय संघ के बाजारों में भेजती हैं। RadioFreeEuropeRadioLiberty पर छपी एक स्टोरी के अनुसार, पिछले साल रूसी तेल कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंधों, वेनेजुएला को तेल आपूर्ति पर अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान पर संभावित अमेरिकी सैन्य हमलों को लेकर अनिश्चितता के साथ-साथ यूरोपीय संघ के उपायों से अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति में अस्थिरता और बढ़ रही है। लंदन स्थित कमोडिटी मार्केट इंटेलिजेंस फर्म जनरल इंडेक्स के डेविड एडवर्ड ने 14 जनवरी को एक वेबिनार के दौरान कहा-हम एक असाधारण माहौल में हैं, जहां वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। 2026 के लिए वैश्विक तेल की अधिकता का व्यापक रूप से अनुमान लगाया गया है, जिसका कारण काफी ज्यादा उत्पादन है। इसके चलते 2025 में तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई थी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के अनुसार, इससे रूसी तेल राजस्व 2022 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। केप्लर के विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा-अगले हफ्ते तक यह दुनिया भर में चर्चा का एक प्रमुख विषय होगा। उन्होंने बताया कि प्रमुख भारतीय रिफाइनरियों ने रूसी कच्चे तेल की खरीद बंद करने की घोषणा करके पहले ही 'खुद ही पाबंदी' लगा ली है। सुमित रितोलिया के अनुसार-तुर्की अभी भी रूसी तेल का आयात कर रहा है, लेकिन इसमें लगातार गिरावट आ रही है। उनकी मात्रा 20-30 प्रतिशत कम हो गई है। CREA ने बताया कि दिसंबर 2025 में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात 29 प्रतिशत गिरकर तीन साल पहले जी-7 द्वारा मूल्य सीमा लागू किए जाने के बाद से सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, इसका एक बड़ा कारण रूस की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंध भी हो सकते हैं।

## सैर सपाटा

# जेब पर भारी नहीं पड़ेगा महाबलेश्वर-लोनावला का टूर

## ये रहा Budget Plan



महाराष्ट्र के दो बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन लोनावला और महाबलेश्वर हैं। यह दोनों हिल स्टेशन हर मौसम में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। गर्मी हो या मानसून आप किसी भी मौसम में लोनावला और महाबलेश्वर घूमने जा सकते हैं। यह दोनों ही हिल स्टेशन प्रकृति की गोद में समाए हैं। यहां पहुंचकर आप सुकून महसूस कर सकते हैं। यह दोनों ही जगहें बजट फ्रेंडली ट्रिप के लिए बेहतरीन है। अगर आप भी प्रकृति के बीच शांति और थोड़ा सा एडवेंचर करना चाहते हैं, तो आपको महाबलेश्वर और लोनावला ट्रिप एकदम परफेक्ट है। ऐसे में आप भी कुछ दिनों की भागदौड़ से ब्रेक लेकर इन दोनों हिल स्टेशन को एक्सप्लोर कर सकते हैं। साथ ही आप यहां पर शांति और सुकून के पल बिता सकते हैं। अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों ही एक ट्रिप में एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस ट्रिप के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### ट्रिप प्लान

अगर आप भी महाबलेश्वर और लोनावला दोनों हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो बता दें कि दोनों जगहों की सैर के लिए चार से पांच दिन की ट्रिप काफी है।

### ● ऐसे पहुंचें

इन हिल स्टेशनों तक जाने के लिए आप मुंबई या पुणे से यात्रा शुरूकर सकते हैं। मुंबई या पुणे से लोनावला सिर्फ 2 घंटे की दूरी पर है। बस, ट्रेन और कार आप तीनों से ही यहां आसानी से पहुंच सकते हैं। वहीं अगर आप पुणे से महाबलेश्वर की यात्रा कर रहे हैं, तो आप बस या फिर प्राइवेट टैक्सी के करिए 120 किमी का सफर तय कर सकते हैं। वहीं मुंबई से महाबलेश्वर की दूरी करीब 260 किमी है।

### ● लोनावला में घूमने की जगहें

मानसून में लोनावला की गए हैं तो आपको भूशी डैम जरूर जाना चाहिए। वहीं बेहतरीन सनसेट व्यू पॉइंट देखने के लिए टाइगर पॉइंट जा सकते हैं। अगर आप भी ट्रैकिंग लवर्स हैं, तो राजमाची फोर्ट बेहतरीन जगह है। वहीं आप लोनावला की ऐतिहासिक बौद्ध गुफाएं कार्ला और भाजा केव्स स्थित है। इसके साथ ही आप पावना झील और लोहेगढ़ किला देखने जा सकते हैं।



### महाबलेश्वर पर्यटन स्थल

महाबलेश्वर की शानदार वादियों का नजारा देखने के लिए आप अरथर सीट पॉइंट को एक्सप्लोर करें। नौकाविहार और खूबसूरत फोटोशूट के लिए वीना लेक जाएं। इसके अलावा महाबलेश्वर मंदिर और एलिफेंट हेड पॉइंट जा सकते हैं। वहीं फिल्मों में दिखने वाले खूबसूरत नजारों का सामने से लुत्फ उठाने के लिए पंचगनीकी टेबललैंड जरूर जाएं।

### ट्रिप का खर्च

बता दें कि लोनावला में एक हजार से दो हजार रुपए में प्रति रात के लिए अच्छा होम स्टे या होटल मिल जाएगा। वहीं महाबलेश्वर में लॉज, होटल या रिसॉर्ट्स में स्टे के लिए डेढ़ से ढाई हजार रुपए के करीब खर्चा आ सकता है। कम पैसों में स्टे के लिए आप ऑफ-सीजन में ऑनलाइन बुकिंग से भी सस्ते दामों में रुकने का मौका मिल सकता है।

इन जगहों पर आने के लिए स्थानीय परिवहन पर करीब 2000-3000 रुपए का खर्च आ सकता है। वहीं इस दौरान 3-4 दिन रुकने के लिए आपको करीब 5000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। वहीं पर्यटन स्थलों के टिकट्स और खानपान पर करीब 2000 रुपए का खर्च आ सकता है। इस ट्रिप के लिए प्रति व्यक्ति कुल अनुमानित खर्च 6000-8000 रुपए हो सकता है।

New Delhi

# देश में 10-12 साल में खत्म हो जाएगा जातिगत भेदभाव, संघ प्रमुख मोहन भागवत ने क्यों कही ये बात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत का कहना है कि भेदभाव खत्म करने के लिए मन से जाति को मिटाने की जरूरत है। संघ प्रमुख ने कहा कि अगर सामाजिक व्यवहार से जातिगत भेदभाव को खत्म करना है, तो सबसे पहले जाति को मन से मिटाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले जाति पेशे और काम से जुड़ी थी, लेकिन बाद में यह समाज में गहरी जड़ें जमा गई, जिससे भेदभाव बढ़ा। भागवत RSS के शताब्दी वर्ष के हिस्से के रूप में छत्रपति संभाजीनगर में आयोजित जन संगोष्ठी में बोल रहे थे। 10-12 साल में खत्म हो जाएगा जातिगत भेदभाव



संघ प्रमुख ने आगे कहा कि इस भेदभाव को खत्म करने के लिए, मन से जाति को खत्म करना होगा। अगर यह ईमानदारी से किया जाए, तो 10 से 12 साल में जातिगत भेदभाव खत्म हो जाएगा। दर्शकों के सवालों का जवाब देते हुए भागवत ने कहा कि संघ का लक्ष्य समाज के साथ मिलकर भारत को उसकी परम गौरव तक ले जाना है।भागवत ने कहा कि संघ व्यक्तिगत चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए काम करता है। उन्होंने कहा कि यह किसी प्रतिक्रिया से बना संगठन नहीं है, और न ही यह किसी के साथ प्रतिस्पर्धा में है। एक अन्य कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही पूरी सृष्टि का संचालक है। जब सृष्टि बनी, तब उसे चलाने के लिए जो नियम बने, वही धर्म है।

New Delhi

## दिल्ली में भूकंप ने फिर डरा दिया, राजधानी में ही केंद्र; कितनी थी तीव्रता



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में सोमवार सुबह भूकंप के झटके लगे। सुबह 8 बजकर 44 मिनट पर धरती हिली। गनीमत रही कि भूकंप की तीव्रता काफी कम थी, जिसकी वजह से कहीं किसी तरह के नुकसान की आशंका नहीं है। हालांकि, भूकंप के लिहाज से संवेदनशील दिल्ली-एनसीआर में किसी तरह की कंपन एक सिहरन जरूर पैदा कर देती है। दिल्ली लाई सिस्मिक जोन IV में आती है जहां मध्यम भूकंप की संभावना रहती है।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र नॉर्थ दिल्ली में था। जमीन से नीचे करीब 5 किलोमीटर पर यह हलचल हुई जिसकी वजह से 2.8 की तीव्रता से भूकंप आया। इसे निम्न दर्जे का भूकंप माना जाता है। इतनी कम तीव्रता के भूकंप से नुकसान की आशंका नहीं होती है।

पिछले साल 17 फरवरी को भी दिल्ली में 4.0 की तीव्रता का भूकंप आया था जिसका केंद्र धौला कुआं के पास था। इसके अलावा 10 जुलाई को 4.4 तीव्रता का भूकंप हरियाणा के झज्जर में आया, जिसकी कंपन दिल्ली में भी महसूस की गई। 16 अप्रैल को अफगानिस्तान में आए 5.9 तीव्रता के भूकंप के असर से दिल्ली तक धरती हिली थी। पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेटें लगातार खिसकती रहती हैं। जब जमा हुआ दबाव थोड़ा-थोड़ा निकलता है, तब हल्के झटके आते हैं। दिल्ली-NCR जैसे इलाके कई छोटी फॉल्ट लाइन्स हैं। यहां समय-समय पर 2 से 4 तीव्रता के झटके आते रहते हैं।

Bihar

## नीट छात्रा मौत कांड में बड़ा खुलासा, हॉस्टल में रहता था मनीष; सेक्स रैकेट चलाने का आरोप

**पटना, (एजेंसी)** पटना के शंभू हॉस्टल में नीट छात्रा मौत मामले में गिफ्तार हॉस्टल मकान मालिक मनीष रंजन पर सेक्स रैकेट चलाने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि वह लड़कियों के हॉस्टल में ही ऊपरी तल्ले पर रहता था। उसका आपराधिक इतिहास भी है। पुलिस अब हॉस्टल के संचालिका शंभू अग्रवाल की पत्नी नीलम अग्रवाल और उनके दो बेटों की तलाश कर रही है। घटना के बाद से सभी फरार है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने उसे पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की मांग की है। यह भी कहा है कि वह बड़े रसूखदारों को लड़कियों की सप्लाई भी करता था। नीट छात्रा मौत मामले में एक के बाद एक कड़ी खुल रही है। पता चला है कि मकान मालिक मनीष रंजन हॉस्टल के ऊपर एक फ्लैट में रहता था। उसके मकान में नीलम अग्रवाल नाम की महिला अपने पति शंभू अग्रवाल के नाम पर चला थी। उसने केयर टेकर के तौर पर नीतू के बहाल कर रखा था। नीलम अग्रवाल के दो बेटे भी हैं जो घटना के बाद से फरार हैं। 13दिनों के बाद भी नीलम अग्रवाल तक पुलिस नहीं पहुंची है।

Assam

## UKG में पढ़ने वाले बेटे का रिजल्ट देखते ही इंजीनियर पिता की मौत, स्कूल में ही तोड़ा दम

**जोरहाट, (एजेंसी)** असम के जोरहाट से एक दिल को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है. जहां बेटे का रिजल्ट लेने के बाद अचानक एक पिता की तबीयत खराब हो गई और वो जमीन पर गिर पड़े. जिसके बाद पिता को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया. लेकिन बचाया नहीं जा सका.

जानकारी के अनुसार मंगलवार को सैमफोर्ड स्कूल में एक दुखद घटना हुई. जहां एक पिता अपने बेटे का परीक्षा परिणाम लेने स्कूल गए थे और वहीं गिर पड़े और उनकी मौत हो गई. मृतक की पहचान कछ गरल इलाके के सोनारी गांव के रहने वाले दीपांकर बोरदोलोई (35) के रूप में हुई है. सूत्रों के अनुसार बोरदोलोई अपने बेटे का रिजल्ट लेने स्कूल आए थे, जो UKG में पढ़ता है. लेकिन रिजल्ट लेने के कुछ ही देर बाद उनकी



तबीयत अचानक खराब हो गई और वे गिर पड़े. स्कूल में मौजूद लोग तुरंत उन्हें इमरजेंसी इलाज के लिए जोरहाट मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल ले गए. लेकिन तब तक उनकी मौत हो गई थी. इस घटना के बाद स्कूल कैंपस में मातम छा गया. शिक्षक, माता-पिता और छात्र इस अचानक हुए नुकसान से गहरे सदमे में हैं.

खेल

# न्यूजीलैंड ने इंडिया में पहली बार वनडे सीरीज जीती, डेरिल मिचेल का शतक

### इंदौर में कोहली का शतक, भारत 41 रन से हारा

**इंदौर। न्यूजीलैंड ने भारत में पहली बार वनडे सीरीज जीत ली है। टीम ने रविवार को इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे मैच में मेजबानों को 41 रन से हराया। इतना ही नहीं, भारतीय टीम होलकर स्टेडियम में पहला मैच हारी है।**

338 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम 46 ओवर में 296 रन पर ऑलआउट हो गई। विराट कोहली ने 108 बॉल पर 124 रन की शतकीय पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

न्यूजीलैंड की ओर से क्रिस्टियन क्लार्क और जैक फॉल्क्स 3-3 विकेट झटके। डेरिल मिचेल ने 137 और ग्लेन फिलिप्स ने 106 रनों की शतकीय पारियां खेलीं। दोनों ने 219 रन की साझेदारी भी की।



टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड ने 8 विकेट खोकर 337 रन बनाए थे। शतक बनाने वाले डेरिल मिचेल प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज चुने गए। मैच का स्कोरकार्ड

एक साझेदारी, जो गेम चेंजर साबित हुई टॉस हारकर बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। टीम ने 58 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने चौथे विकेट के लिए 188 बॉल पर 219 रन की साझेदारी की।

कोहली का शतक भी जीत नहीं दिला सका रन चेज में भारतीय टीम ने औसत शुरुआत की। टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। ऐसे में कोहली एक छोर से अड़े रहे। उन्होंने 108 बॉल पर 10 चौके और 3 छक्कों से सजी 124 रन की शतकीय पारी खेली।

कोहली ने नीतीश रेड्डी (53 रन) और हर्षित राणा (52 रन) के साथ दो अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। लेकिन, अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकी।

रोहित, गिल, अय्यर और राहुल फेल रहे भारतीय टीम की ओर से शुरुआती 4 विकेट के लिए कोई भी बड़ी साझेदारी नहीं हुई, जो हार का बड़ा कारण बना। रोहित शर्मा 11, शुभमन गिल 23, श्रेयस अय्यर 3 और केएल राहुल एक रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## बॉर्डर 2 के साथ थियेटर्स में दिखेगी धुरंधर 2 की झलक, अटैच होगा टीजर? आदित्य धर देंगे सरप्राइज!



रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर 45 दिन बाद भी ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. वर्ल्डवाइड फिल्म 1300 करोड़ के पार कलेक्शन कर चुकी है. इसकी सुनामी बॉक्स ऑफिस पर थमने का नाम नहीं ले रही है. फैंस को 19 मार्च का बेसब्री से इंतजार है. इस दिन फिल्म का पार्ट 2 रिलीज होगा. लेकिन इससे पहले फैंस को धुरंधर 2 की झलक देखने को मिलने वाली है. लेटेस्ट अपडेट है कि 23 जनवरी को सिनेमाहॉल में सनी देओल की फिल्म बॉर्डर 2 के साथ धुरंधर 2 का टीजर रिलीज किया जाएगा. बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, आदित्य धर ने फिल्म के एंड-क्रेडिट सीक्वेंस को टीजर के लिए फिर से एडिट किया है. अब ये नया टीजर बॉर्डर 2 के साथ थिएटर्स में अटैच होगा. रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से बताया गया है कि टीजर रिलीज का मकसद थियेटर्स में बैठे दर्शकों के दिमाग में रिलीज डेट को लेकर जानकारी देना है. धुरंधर 2 ईद 2026 को रिलीज की जाएगी. टीजर नए विजुअल्स के साथ रिलीज डेट को फिर से कंफर्म करेगा. सूत्र के मुताबिक, धुरंधर 2 और बॉर्डर 2 दोनों राष्ट्रवादी फिल्में हैं. जियो स्टूडियोज की टीम 'देशभक्ति सिनेमा' की डिमांड को भुनाना चाहती है.

## Highlights

1. **Trump invites India to be part of Gaza's 'Board of Peace'**
2. **Indian-origin couple held on drug, sex trafficking charges in US**
3. **Kerala man ends life after viral video accuses him of harassment**
4. **Bhopal man tortured by family of woman he was in relationship with**
5. **Time will answer: Shivakumar on meeting with Congress high command**

# Gold, silver prices at record after Trump tariff threats over Greenland

**NEW DEIHI, (Agency).** Gold and silver prices jumped to record highs as US President Donald Trump's intensifying push to take over Greenland spurred fears of a damaging trade war between the US and Europe.

Spot gold traded near $4,660 an ounce, while silver surged as much as 4.4% as Trump's aggression weighed on the dollar and buoyed demand for havens. Spot gold climbed 1.4% to $4,658.31 an ounce as of 10:44 am in Singapore, hitting a peak of $4,690.59 earlier. Silver was up 3% at $92.8419, and touched a high of $94.1213. Platinum advanced, while palladium dipped. The Bloomberg Dollar Spot Index declined 0.1%. The US will slap tariffs on eight European nations—including France, Germany and the United Kingdom—that oppose the plan to acquire Greenland. The 10% levies will kick in on 1 February




and rise to 25% in June. European leaders will hold an emergency meeting in the coming days as they explore possible counter-measures. Member states are discussing several options for how to respond, including retaliatory levies on €93 billion ($108 billion) of US goods, people familiar with the talks said. French President Emmanuel Macron may request the activation of the European Union's anti-coercion instrument, Bloomberg reported. The ACI is the bloc's most powerful retaliation tool, and allows the EU to deploy an array of steps in response to coercive trade measures. The Greenland-inspired tensions are different from last year's Liberation Day tariffs as they "point to a deeper geopolitical fault line," said Charu Chanana, the chief investment strategist at Saxo Markets in Singapore. "Using tariff threats inside the alliance is a kind of trust shock that can leave a stickier risk premium," she said, referring to NATO.

# Tiger Global 'Flipkart tax' seen reshaping M&A activity at India Inc.

**NEW DEIHI, (Agency).** Over decades, foreign investors have poured $180 billion into India via the tax haven of Mauritius. Now, an Indian court ruling is spooking investors as it could potentially reshape the M&A and investment landscape by strengthening New Delhi's hand against tax evasion.

On Thursday, the Supreme Court ruled against Tiger Global Management Llc in a landmark case, saying its $1.6 billion stake sale in India's Flipkart to Walmart Inc. in 2018 should be taxed. The judges said India had proved Tiger Global's deal used its Mauritius




units, which were "conduit" firms, in a bid to make use of an "impermissible tax-avoidance arrangement".

Tiger Global had denied the allegations as well as India's depiction of its structures, saying it had correctly used available tax benefits under the India-Mauritius bilateral treaty. It has not commented on the ruling.

The court directive, however, upends years of aggressive tax planning and investment routes created by foreign investors to make use of an effective no-tax regime, in which share sales in India by Mauritius-based investors were only subject to taxes in the tiny island nation, where the rate was nil. The ruling will give sweeping powers to India to lift the lid on corporate deals, however, as it means that domestic law will now allow tax officials to override any treaty benefit being incorrectly claimed via the use of sham business structures, according to interviews with 15 lawyers and consultants.

# इंस्टाग्राम आईडी और ई-मेल के जरिए फंसाकर लाखों की रकम हड़पी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **लसूडिया क्षेत्र में क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर एक दंपति से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ितों की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने जांच की, जिसके बाद केस लसूडिया थाना पुलिस को सौंपा गया। पुलिस ने मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी और इंस्टाग्राम अकाउंट के आधार पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।**

लसूडिया पुलिस के मुताबिक सिंगापुर नेस्ट निवासी सौरभ खिची और उनकी पत्नी देविका ने शिकायत दर्ज कराई थी। दंपति ने बताया कि जून 2025 में उनके पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को वीसी कुमार बताते हुए सेबी से रजिस्टर्ड ट्रेडर होने का दावा किया। उसने कहा कि वह क्रिप्टो निवेश और शेयर मार्केट में प्रशिक्षक के तौर पर काम करता है। आरोपी ने विश्वास में लेने के लिए अपनी इंस्टाग्राम आईडी (https://www.instagram.com/kumar_vc_k) और ई-मेल आईडी traderkumarvc@gmail.com साझा की। इसके बाद लगातार निवेश को लेकर बातचीत करता रहा। 13 जून से आरोपी ने दंपति से निवेश शुरू करवाया। शुरुआत



में सौरभ के खाते से रकम डलवाई गई। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मुनाफा दिखने के बाद आरोपी ने उनकी पत्नी देविका को भी निवेश में शामिल कर लिया। इसके बाद अलग-अलग किस्तों में कई बार रकम उनके बताए गए खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करवाई गई। कुछ समय बाद जब खाते में अच्छा मुनाफा दिखाई देने लगा तो दंपति ने रकम निकालने की बात कही। इस पर आरोपी ने पैसे निकालने के लिए अलग-अलग चार्ज और टैक्स के नाम पर दोबारा रकम जमा कराने को कहा। कुछ पैसे लौटाने के बाद वह लगातार बहाने बनाता रहा।

# तेजाजी नगर बायपास पर केला लदा ट्रक पलटा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **तेजाजी नगर बायपास पर शनिवार देर रात केला लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले ही स्थानीय लोगों ने चालक को बाहर निकाल लिया। चालक को मामूली चोटें आई हैं।**

तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि रालामंडल स्थित बायपास पर राऊ से देवास की ओर जा रहा केला से भरा ट्रक अचानक असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर बड़ी मात्रा में केले बिखर गए, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। ट्रक चालक चंदन पुत्र उमराव सिंह चौहान निवासी मनावर को हल्की चोट आई है। बताया जा रहा है कि बायपास पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के चलते बनाए गए डायवर्सन के कारण चालक का ध्यान भटक गया, जिससे ट्रक पलट गया। हादसे के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट कराया। देर रात स्थानीय लोगों की मदद से सड़क पर बिखरे केले हटवाए गए और क्रेन की सहायता से ट्रक को सीधा कराया गया। करीब दो घंटे बाद यातायात सुचारु हो सका।

# ऑटोडील कर्मचारी और कलेक्शन एजेंट को चाकू मारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **संयोगितागंज इलाके में शनिवार रात ऑटोडील कर्मचारी पर घर जाते समय उसके पूर्व किराएदार ने चाकू से हमला कर दिया। आरोपी अपने रूम खाली कराने की बात से नाराज था। हमले में ऑटोडील कर्मचारी के सिर में गंभीर चोट आई है। संयोगितागंज पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश कर रही है।**

पुलिस के मुताबिक, रात में अग्रेसन चौराहे के पास गौरव मीणा निवासी पवनपुरी पालदा को शिवा



नामक युवक ने बाइक पर रोका और अचानक सिर पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार गौरव की आंख के पास लगा, जिससे एक आंख से देखने की क्षमता बंद हो गई। साथी ऋषभ ने उसे तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गौरव और ऋषभ बाइक पर जा रहे थे। तभी शिवा दूसरी बाइक से उनके पास आया। गौरव और ऋषभ ने बताया कि शिवा करीब दो महीने पहले गौरव के घर किराए पर रहता था और अक्सर वहां लड़कियों को लेकर आता था। इस कारण गौरव के पिता ने उससे रूम खाली करने को कहा था। इसी बात को लेकर गौरव और शिवा के बीच विवाद हुआ, और बाद में उसने देख लेने की धमकी दी। पुलिस को रात में अस्पताल से घटना की सूचना मिली और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। परदेशीपुरा में शनिवार शाम एक ऑटो ड्राइवर ने 65 वर्षीय कलेक्शन एजेंट पर लूट के इरादे से चाकू से हमला कर दिया। लोग बुजुर्ग को तुरंत अस्पताल ले गए। पुलिस ने ललित जैन (65, निवासी क्लर्क कॉलोनी) की शिकायत पर अज्ञात ऑटो ड्राइवर के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज किया। ललित ने बताया कि वह मार्केट से कलेक्शन उठाकर घर लौट रहे थे। देर शाम लगभग 7:30 बजे, सुगनी देवी कॉलेज गेट के पास पीछे से आए ऑटो चालक ने पैर के पीछे वार किया। वह जमीन पर गिर गए और उठकर देखा तो पैर से खून निकल रहा था। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## राज्य स्तरीय निःशुल्क प्रांतीय प्लास्टिक सर्जरी कैम्प का होगा आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवाएँ, इंदौर संभाग ने जानकारी दी है कि स्वर्णिम फाउंडेशन द्वारा 8 फरवरी 2026 को इंदौर में प्रांतीय स्तर का निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प आयोजित किया जायेगा।निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प में अमेरिका से आए विशेषज्ञ डॉक्टर एवं सर्जन मरीजों की जाँच करेंगे। मरीजों की जाँच सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक की जाएगी। जाँच के बाद चयनित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन वर्मा यूनियन हॉस्पिटल, इंदौर में किए जाएंगे। ऑपरेशन के दौरान मरीज के साथ एक अटेंडर के लिए निःशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था भी की गई है। इसके लिए क्षेत्रीय संचालक ने इंदौर संभाग के सभी 8 जिलो के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र लिखकर जिलो में संबंधित मरीजों की सम्पूर्ण जानकारी मांगी है। जिससे शिविर में प्रभावितों को लाभ दिया जा सके। मरीजों की पहचान कर उनके विवरण प्रोजेक्ट हेड वीरेन्द्र कुमार अथवा श्रीमती रेखा जैन के मोबाइल नंबर 9329442524 पर व्हाट्सएप के माध्यम से या ई-मेल vkjain@swaarnim.com पर भेजने का अनुरोध किया गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक